समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# केरल मे संीएम फेस को लेकर सस्पेसं खत्म, कांग्रेस ने वीडी सतीशन के नाम पर लगाई मुहर

Sanket Morankar
Published on 14 May 2026



केरल में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रहा सस्पेंस आखिरकार खत्म हो गया है। कांग्रेस ने गुरुवार को VD Satheesan के नाम का आधिकारिक ऐलान कर दिया। इसके साथ ही राज्य में सीएम फेस को लेकर पिछले कई दिनों से जारी चर्चाओं पर विराम लग गया है।

वीडी सतीशन परावूर विधानसभा सीट से छह बार विधायक रह चुके हैं और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में उनकी गिनती होती है। पार्टी नेतृत्व लंबे समय से मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर मंथन कर रहा था।

सीएम पद की दौड़ में KC Venugopal, Ramesh Chennithala और वीडी सतीशन के नाम प्रमुख रूप से चर्चा में थे। हालांकि अंत में कांग्रेस हाईकमान ने सतीशन के नाम पर सहमति जताई।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, वीडी सतीशन को संगठन और विधानसभा दोनों स्तरों पर मजबूत पकड़ रखने वाला नेता माना जाता है। विपक्ष के नेता के तौर पर भी उन्होंने राज्य की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है।

कांग्रेस के इस फैसले को केरल की राजनीति में बड़ा कदम माना जा रहा है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सतीशन के नेतृत्व में पार्टी राज्य में अपनी रणनीति को किस तरह आगे बढ़ाती है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.